# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भारतीय नौसेना शनिवार को विशाखापत्तनम में अपने छठे स्वदेशी प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट, महेंद्रगिरी– एफ38 का जलावतरण करेगी।
2. 'राष्ट्रीय वन हेल्थ जूनोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत, एनीम्स की ओर से अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में कई कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करेगा।
4. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत डीब्रेट में अल्पकालिक निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना शनिवार को विशाखापत्तनम में अपने छठे स्वदेशी प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट, महेंद्रगिरी– एफ38 का जलावतरण करेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस स्टील्थ फ्रिगेट को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा आंतरिक रूप से डिजाइन किया गया है और मुंबई स्थित मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। इस जहाज का नाम पूर्वी घाट की भव्य महेंद्रगिरी पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह जहाज समुद्री अभियानों के पूरे स्पेक्ट्रम में असाधारण मजबूती के साथ उच्च गति संचालन करने में सक्षम है।

<><><><><><><>

विश्व जूनोसिस दिवस के उपलक्ष्य में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 'राष्ट्रीय वन हेल्थ जूनोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत, एनीम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हैडो में जूनोटिक बीमारियों पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम द्वीप समूह के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहाँ लेप्टोस्पायरोसिस यानी 'अंडमान बुखार' सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कार्यक्रम के दौरान, स्कूली छात्रों को जूनोटिक

बीमारियों, उनकी रोकथाम और मानव, पशु तथा पर्यावरण स्वास्थ्य क्षेत्रों के बीच समन्वय के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

कृषि सेवाओं के पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी–संचालित वितरण को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग, ने हाल ही में दक्षिण अंडमान जिले की 12 ग्राम पंचायतों में 'मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से उर्वरक बिक्री के ढांचे' पर जागरूकता–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम कृषि अधिकारियों और आत्मा के कर्मचारियों द्वारा किसानों को नए शुरू किए गए डिजिटल उर्वरक बुकिंग सिस्टम के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान, मोबाइल एप्लिकेशन का प्रदर्शन किया गया, जिसमें किसान पंजीकरण, आधार प्रमाणीकरण, उर्वरक बुकिंग, ओटीपी सत्यापन और अन्य मुख्य परिचालन विशेषताओं की पूरी प्रक्रिया शामिल थी। कार्यक्रम में 291 किसानों के साथ–साथ पंचायती राज संस्थान के सदस्यों और किसान मित्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के अनुसार, अंडमान निकोबार प्रशासन टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय गहन अभियान को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। जिसकामुख्य उद्देश्य चेस्ट एक्स–रे और अग्रिम नैट परीक्षण के माध्यम से स्क्रीनिंग कर टीबी के सभी छूटे हुए मामलों की जल्द पहचान करना है। कल तक चलाए गए अभियान के तहत कुल 762 आयुष्मान शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में 10 हजार 85 नए नि–क्षय नामांकन किए गए। परीक्षण के दौरान टीबी के कुल 134 मामले सामने आए। इस दौरान पंचायती राज संस्थान के सदस्यों, विद्यार्थियों, सम्बद्ध मंत्रालयों और सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मियों के लिए जागरूकता गतिविधियां चलाई गई। द्वीप प्रशासन ने सभी नागरिकों से टीबी के खिलाफ इस लड़ाई में योगदान देने की अपील करते हुए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों, कुपोषित, मधुमेह रोगियों, धूम्रपान या शराब का सेवन करने वालों, या जिन्हें पिछले 5 वर्षों में टीबी हुई थी, उन्हें अपने नजदीकी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक –आरसेती स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से द्वीपसमूह के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, संस्थान ने ग्रामीण विकास निदेशालय के

सहयोग से कैंपबेल बे ग्राम पंचायत में एक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जहाँ 33 महिला प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी क्रम में, एसबीआई आरसेती आने वाले महीनों में द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में कई कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इनमें श्री विजयपुरम में कंप्यूटर आधारित अकाउंटिंग कार्यक्रम, शहीद द्वीप, कार निकोबार और मायाबंदर में एलएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा शिबपुर ग्राम पंचायत में महिला सिलाई कार्यक्रम शामिल हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम प्रकोष्ठ की ओर से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग और शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग – वेल्डर में 03 महीने के अल्पकालिक निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को उद्योग के अनुकूल तकनीकी कौशल की जानकारी देना और योग्यता–आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में, प्रशासन के तहत उपयुक्त विभागों में तीन महीने की प्रशिक्षण अवधि के दौरान ऑन–द–जॉब ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी। वर्तमान बैच के लिए कुल 20 सीटें उपलब्ध है। आवश्यक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से 10 जुलाई तक संस्थान के एसडीपी सेल से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के जिला कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ने विस्तार सुधारों के लिए राज्य विस्तार कार्यक्रमों को सहायता योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। अधिसूचना के अनुसार ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर के दो और असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर के छः पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 30 हजार और 25 हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहली अगस्त तक कृषि सहायक निदेशक कार्यालय, पेरका में जमा किए जा सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों की सूची 7 अगस्त को जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे का विस्तार और लाभार्थियों को मिल रही स्वास्थ्य सुरक्षा के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर के अलावा अखबार ने ग्रेट निकोबार परियोजना पर अनुमोदन प्राप्त करने से पूर्व ईआईए प्रक्रिया और दक्षिण अंडमान में डिजिटल उर्वरक बुकिंग प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **इंफो इंडिया** ने दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा चाथम पुल की मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने जी बी पंत अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के न होने से द्वीपवासियों की चिंता के समाचार को, जबकि **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप की यात्रा के लिए बोट ऑपरेटरों द्वारा वसूले जा रहे भारी शुल्क पर पर्यटकों और द्वीपवासियों की शिकायतों के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>